राजस्थान सरकार
अभियोजन निदेशालय, राजस्थान जयपुर।

क्रमाँकः– स. 3–6(9)स्था / मंत्रा / अभि / 15 / 12221-80 दिनाँक :– 18/9/18

–: आदेश :–

वर्ष 2015–16 में आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा वरिष्ठता क्रमांक 75 पर अंकित कार्मिक श्री छोगाराम पुत्र श्री नांरग लाल (एस0सी) के दिनांक 31.05.2005 को 05 सन्तान एवं दिनांक 1.6.2006 के पश्चात 01 संतान होने पर भी उक्त कार्मिक की पदोन्नति हो गई जबकि कार्मिक वर्ष 2015–16 में प्रथम बार, वर्ष 2016–17 द्वितीय बार एवं वर्ष 2017–18 तृतीय बार पदोन्नति हेतु अयोग्य था। अतः उक्त कारणों से सहायक प्रशासनिक अधिकारी (सहायक कार्यालय अधीक्षक) के पद पर वर्ष 2015–16 की दिनांक 17.12.2018, वर्ष 2016–17 की दिनांक 09.05.2017 एवं वर्ष 2017–18 की रिक्तियों को पदोन्नति से भरने हेतु दिनांक 13.3.2018 को विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में लिये गये निर्णय का पुनरावलोकन करने हेतु दिनांक 17.09.2018 को विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक आयोजित की गई।

विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा पुनरावलोकन के पश्चात की गई अनुशंषा के अनुसार निम्न कार्मिकों को पूर्व में दी गई पदोन्नति आदेशों में निम्न प्रकार संशोधन किया जाता है।

क्र0 स0	नाम कार्मिक	विवरण
1.	श्री छोगाराम पुत्र श्री नांरगलाल	1. इनको वर्ष 2015–16 में में प्रथम बार पदोन्नति से अयोग्य किया जाता है तथा वर्ष 2015–16 में सहायक कार्यालय अधीक्षक के पद से पदावनत कर वरिष्ठ सहायक पद पर नियुक्त किया जाता है। 2. वर्ष 2016–17 में द्वितीय बार पदोन्नति से अयोग्य किया जाता है। 3. वर्ष 2017–18 में तृतीय बार पदोन्नति से अयोग्य किया जाता है। इनकी वरिष्ठता वरिष्ठ सहायक के पद पर श्री मनोहर लाल विश्नोई से नीचे और मुन्ना लाल जैन से उपर रहेगी।
2.	श्री मेघाराम पुत्र श्री खेताराम	वर्ष 2015–16 में श्री मेघाराम की सहायक कार्यालय अधीक्षक पद पर पदोंन्नति सामान्य पद के विरूद्व की गई, को अनुसूचित वर्ग की जाती है।
3.	श्री प्रभुनारायण शर्मा पुत्र श्री चोथमल	वर्ष 2015–16 में श्री छोगाराम पुत्र नांरगलाल की पदावनति होने के कारण उक्त वर्ष में एक रिक्ति उपलब्ध होने पर वरिष्ठता क्रमांक 117 पर अंकित श्री प्रभुनारायण शर्मा पुत्र श्री चौथमल का चयन सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया जाकर इनकी वर्ष 2016–17 में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर किया गया चयन एवं पदोन्नति निरस्त की जाती है। इनकी वरिष्ठता वर्ष 2015–16 में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के पद पर सबसे नीचे रहेगी।

-sd-
(रमेश कुमार शर्मा)
निदेशक अभियोजन
राजस्थान जयपुर

<u>प्रतिलिपिः– निम्नाकित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु :–</u>

1. निजी सचिव, निदेशक अभियोजन जयपुर।
2. अतिरिक्त निजी सचिव, अतिरिक्त निदेशक अभियोजन (न्याय) जयपुर।
3. अतिरिक्त निदेशक अभियोजन (अभियोजन) जयपुर।
4. समस्त उप निदेशक अभियोजन,राजस्थान (मु.) सहित ।
5. समस्त सहायक निदेशक अभियोजन,राजस्थान (मु.) सहित ।
6. प्रशासनिक अधिकारी / अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, अभियोजन निदेशालय जयपुर।
7. सम्बधिंत कार्मिक ।
8. निजी पत्रावली / रक्षित पत्रावली ।

निदेशक अभियोजन
राजस्थान जयपुर